बिहार सरकार

आपदा प्रबंधन विभाग

अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0–01/2015

आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा पटना के गाँधी मैदान में गणतंत्र दिवस, 26 जनवरी, 2015 के अवसर पर प्रदर्शित होने वाली झाँकी के निर्माण कार्यों के लिए अनुभवी/ख्याति प्राप्त एजेंसियों/फर्मों से अलग–अलग लिफाफे में तकनीकी एवं वित्तीय मुहरबंद निविदाएँ आमंत्रित की जाती है।

निविदा प्राप्ति का स्थान– दिनांक–14.01.2015 को आपदा प्रबंधन विभाग, पुराना सचिवालय, बिहार, पटना अपराह्न 3.00 बजे तथा उसी दिन अपराह्न 4.00 बजे विभागीय समिति के समक्ष खोली जाएगी। निविदा खोलने के समय फर्म के अधिकृत प्रतिनिधि रह सकते हैं।

विषय वस्तु– स्टेट डिजास्टर रिस्पांस फोर्स के द्वारा बाढ़, भूकम्प के दौरान राहत और बचाव कार्यों का प्रदर्शन, गिरे हुए बड़े भवनों के नीचे फँसे लागों को निकालना, बाढ़ के दौरान मोटरबोट के माध्यम से बाढ़ में फँसे लोगों को निकालना, First Aid देना, Emergency Control Room का Functioning इत्यादि।

निविदा की शर्ते–

1. तकनीकी निविदा के साथ विषयगत झाँकी का आलेख, डिजाईन, ग्राउण्ड एलीमेंट प्लान, फर्म का निबंधन प्रमाण पत्र (मॉडल अलग से) तथा जमानत राशि के रूप में 10,000/– (दस हजार रूपये) मात्र का बैंक ड्राफ्ट जो विशेष सचिव, आपदा प्रबंधन विभाग के पदनाम से पटना में भुगतेय हो तथा फर्म का स्वच्छता प्रमाण पत्र भी संलग्न करना होगा।
2. निविदादाता का फर्म का आयकर/वैट/सर्विस टैक्स प्रावधानों के अंदर निबंधित होना चाहिए।
3. झांकी के विषय वस्तु पर प्रेजेन्टेशन तैयार कर समिति के समक्ष दिखलाना होगा।
4. निविदादाता द्वारा तकनीकी निविदा में झाँकी निर्माण के कार्य में जिस कलाकार की सेवाएं लेंगे, उस कलाकार को किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से प्रशिक्षित होना चाहिए। तत्संबंधी कलाकार की सहमति पत्र के साथ प्रमाण–पत्र संलग्न करना होगा।
5. झांकी निर्माण से संबंधित सरकारी तथा गैर सरकारी संस्थानों में किए गए कार्यों का आदेश की प्रति संलग्न करना होगा।
6. झांकी प्रदर्शित होने तक झाँकी सुरक्षा की जिम्मेवारी निविदादाता की होगी।
7. प्रदर्शन अवधि में झाँकी में किसी प्रकार की टूट–फूट की कमी अथवा प्रदर्शन में असफल होने पर भुगतान में कटौती कर ली जाएगी।
8. झाँकी के प्रदर्शन के उपरांत साल्वेज निविदादाता का होगा। इस तथ्य को ध्यान में रखकर ही निविदादाता दर अंकित करेंगे।
9. झाँकी में भाग लेने वाले कलाकार, उनके परिधान, म्यूजिक सिस्टम, म्यूजिक झाँकी विषयक आदि की व्यवस्था निविदादाता को करनी होगी।
10. डिजाईन, मॉडल के तहत् कार्यो पर प्राथमिकता दी जाएगी।
11. झाँकी निर्माण के संबंध में किसी प्रकार की जानकारी किसी भी कार्य दिवस को आपदा प्रबंधन विभाग से संपर्क कर प्राप्त किया जा सकता है।
12. किसी अथवा सभी निविदाओं को बिना कारण बताए रद्द/अस्वीकृत सर्वाधिकार आपदा प्रबंधन विभाग को सुरक्षित होगा।

विशेष सचिव

आपदा प्रबंधन विभाग

बिहार, पटना